**28-09-2022**

# भारतीय पोषण रेटिंग

## समाचार पत्रों में क्यों?

हाल ही में देश के शीर्ष खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने फ्रंट-ऑफ-पैक लेबलिंग के लिये एक मसौदा अधिसूचना जारी की, जिसे भारतीय पोषण रेटिंग (INR) के रूप में जाना जाएगा।

## त्वरित मुद्दा?

- यह प्री-पैकेज़्ड चीनी, नमक और वसा जैसे खाद्य पदार्थों की उच्च खपत को हतोत्साहित करने के लिये इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर ऊर्जा-दक्षता रेटिंग के समान स्टार रेटिंग देने के लिये अनिवार्य करता है।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि?

- **दैनिक सेवन गाइड :** पोषक तत्वों की दैनिक सिफारिशों का अनुपात पहले से पैक किये गए खाद्य पदार्थों की एक सर्विंग में मौजूद होता है।
- **पोषण संबंधी सूचना पैनल :** यह खाद्य पदार्थों में मौजूद प्रत्येक मुख्य पोषक तत्त्व की गुणवत्ता प्रदान करता है।
- **ट्रैफिक लाइट लेबलिंग :** यह खाद्य पदार्थों में मौजूद वसा, नमक, चीनी आदि की मात्रा को दर्शाता है और इसे लाल, नारंगी या हरे जैसे रंगों के साथ वर्गीकृत करता है कि यह कितना स्वस्थ है।

## अन्य प्रमुख तथ्य?

### छूट प्राप्त उत्पाद

- दूध और दूध उत्पाद, मट्ठा, मक्खन तेल, घी, वनस्पति तेल एवं वसा, ताज़े फल- सब्जियां, ताज़े मांस, अंडा, मछली, आटा, और स्वीटनर जैसे खाद्य पदार्थों को स्टार रेटिंग प्रदर्शित नहीं करनी होगी।
- कैलोरी रहित या चीनी के कार्बोनेटेड पेय भी रेटिंग घोषित करने के पात्र नहीं होंगे।

### महत्त्व

- एक अध्ययन के अनुसार कई लैटिन अमेरिकी देशों में खपत पैटर्न में बदलाव आया है, जिन्होंने इस तरह के चेतावनी लेबल लागू किये हैं और चिली ने शर्करा पेय की खपत में 24% की गिरावट दर्ज की है।
- एक रिपोर्ट में प्रकाशित मेटा-विश्लेषण ने संकेत दिया कि पोषक तत्त्व चेतावनी लेबल ट्रैफिक लाइट और न्यूट्री-स्कोर लेबल की तुलना में अधिक प्रभावी हैं।

- **चेतावनी लेबल :** यह दर्शाता है कि नमक, चीनी और वसा जैसे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता संदर्भित नहीं की गई हैं।
- **स्टार रेटिंग :** उत्पाद कितना स्वस्थ है, इसके आधार पर यह 1 से 5 स्टार प्रदान करता है, जिसमें 5 स्वास्थ्यप्रद और 1 सबसे कम स्वस्थ है।
- **रेटिंग की प्रक्रिया :** इसके अलावा 100 ग्राम ठोस या 100 मिली. तरल खाद्य पदार्थों/वस्तुओं को ऊर्जा के योगदान और संतृप्त वसा, चीनी, सोडियम, फल एवं सब्जियां (FV), नट, फलियां तथा कदन्न (NLM) , आहार फाइबर और प्रोटीन की सामग्री के आधार पर स्कोर दिया जाएगा।
- 25 से अधिक स्कोर वाले सॉलिड फूड को 0.5 स्टार दिये जाएंगें और - (माइनस)11 से कम स्कोर वाले लोगों को 5 स्टार दिये जाएंगें।
- **लोगो :** लोगो को पैक के सामने उत्पाद के नाम या ब्रांड नाम के निकट ही प्रदर्शित किया जाएगा।

- **कार्यान्वयन :** खाद्य व्यवसाय ऊर्जा, चीनी, संतृप्त वसा और नमक सामग्री का विवरण देते हुए स्टार-रेटिंग लोगो के आगे व्याख्यात्मक जानकारी जोड़ सकते हैं।
- उत्पाद के लिये स्टार-रेटिंग लोगो बनाने के लिये खाद्य व्यवसायों को FSSAI के FoSCoS (खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली) पोर्टल पर संबंधित उत्पादों की पोषण संबंधी प्रोफाइल प्रस्तुत करनी होगी।

## प्रारंभिक परीक्षा मे पूछे जाने वाला संभावित प्रश्न

**प्रश्न- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?**

1. पोषक तत्त्वों की दैनिक सिफारिशों का अनुपात पहले से पैक किये गए खाद्य पदार्थो की एक सर्विंग में मौजूद होता है।
2. **चेतावनी लेबल :** यह दर्शाता है कि नमक, चीनी और वसा जैसे खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता संदर्भित नहीं की गई हैं।
3. **स्टार रेटिंग :** उत्पाद कितना स्वस्थ है, इसके आधार पर यह 1 से 5 स्टार प्रदान करता है, जिसमें 5 स्वास्थ्यप्रद और 1 सबसे कम स्वस्थ है।

**उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य है?**

(a) 1और 2
(b) 3 और 4
(c) उपरोक्त में से कोई नहीं
(d) उपरोक्त सभी

**उत्तर : (d) उपरोक्त सभी**

KAUTILYA ACADEMY INDORE

# भारत में शिक्षा की स्थिति, 2022 रिपोर्ट

## समाचार पत्रों में क्यों?

हाल ही में, यूनेस्को द्वारा "भारत में शिक्षा की स्थिति, 2022:शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी" रिपोर्ट (State of education report for India 2022: Artificial Intelligence (AI) in education) रिपोर्ट जारी की गयी है।

## त्वरित मुद्दा?

- भारत में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' या 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (AI) निपुणता पैंठ दर' (AI skill penetration rate) सापेक्षिक रूप से उच्चतम है। भारत में यह दर वैश्विक औसत से 3 गुना अधिक है।
- 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' साक्षरता बढ़ रही है और यह भारत के लिए महत्वपूर्ण भी है।
- भारत में 'सभी के लिए समान' (one-size-fits-all) दृष्टिकोण अपनाया जाता है। व्यक्तिगत और बुद्धिमान एआई-आधारित शिक्षण का उपयोग करने से सीखने में विविधता लाने में मदद मिलेगी।

## अन्य प्रमुख तथ्य?

### आवश्यकता

- 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' की आचारनीति सिखाने पर विचार करना चाहिए।
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' में एल्गोरिथम पूर्वाग्रह और भेदभाव में सुधार किए जाने की आवश्यकता है।
- एआई-आधारित उत्पादों को विकसित करने में निजी क्षेत्र और पीपीपी को शामिल करना चाहिए।
- समानता, समरूपता, समावेशन और सीखने के बेहतर परिणामों के लिए AI का उपयोग किया जाना चाहिए।
- भाषाई विविधता को शामिल करने के लिए AI का उपयोग किया जाना चाहिए।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि?

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में 'उद्योग 4.0' (Industry 4.0) की कौशल-आधारित मांगों को पूरा करने के लिए शिक्षा में डिजिटल उपकरणों (एआई सहित) के उपयोग पर जोर दिया गया है।
- 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' को सीबीएसई की नौवीं कक्षा के लिए ऐच्छिक विषय के रूप में शामिल किया गया है।
- 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' पर 'राष्ट्रीय कार्यक्रम' शुरू किया गया है।
- ऐरावत अर्थात 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च, एनालिटिक्स और नॉलेज एसिमिलेशन प्लेटफॉर्म' (Artificial Intelligence Research, Analytics and Knowledge Assimilation Platform – AIRAWAT) लांच किया गया है।
- 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' के लिए राष्ट्रीय रणनीति।
- सरकार को 5 'आई' अर्थात 'समावेशन, स्वदेशीकरण, नवाचार, बुनियादी ढांचे में निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग' (Inclusiveness, Indigenization, Innovation, Investment in infrastructure & International cooperation – 5 'I's) को धयान में रखते हुए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' पर विचार करना चाहिए।
- यह भारत में शिक्षा में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' के अनुप्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से यूनेस्को की वार्षिक रिपोर्ट का चौथा संस्करण है।
- भारत में शिक्षा में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' के इस्तेमाल हेतु नीतियों का अभाव है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी।

- जालसाजी, धोखाधड़ी के लिए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' का बढ़ता उपयोग। समीक्षात्मक सोच के बजाय 'रटने पर आधारित शिक्षा' पर ध्यान दिया जाता है।
- वर्ष 1945 में स्थापित 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जिसका उद्देश्य शिक्षा, कला, विज्ञान और संस्कृति में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से विश्व शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसका मुख्यालय फ्रांस की राजधानी पेरिस में है।

## प्रारंभिक परीक्षा मे पूछे जाने वाला संभावित प्रश्न

**प्रश्न- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए?**

1. भारत में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' या 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी (AI) निपुणता पैंठ दर' (AI skill penetration rate) सापेक्षिक रूप से उच्चतम है। भारत में यह दर वैश्विक औसत से 3 गुना अधिक है।
2. भारत में 'सभी के लिए समान' (one-size-fits-all) दृष्टिकोण अपनाया जाता है। व्यक्तिगत और बुद्धिमान एआई-आधारित शिक्षण का उपयोग करने से सीखने में विविधता लाने में मदद मिलेगी।
3. यह भारत में शिक्षा में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी' के अनुप्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से यूनेस्को की वार्षिक रिपोर्ट का चौथा संस्करण है।

**उपरोक्त में से कौन सा कथन सत्य है?**

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) उपरोक्त सभी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर - (c) उपरोक्त सभी**

KAUTILYA ACADEMY INDORE